एक नजर में



### पुलिस ने रैली में दिया नशा मुक्ति का संदेश

**आष्टा.** नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत पुलिस द्वारा थाना आष्टा, थाना पार्वती, थाना जावर एवं थाना सिद्दीकगंज द्वारा जागरुकता कार्यक्रम चलाया गया. आष्टा में मण्डी व्यापारियों, मजदूरों, किसानों, थाना पार्वती एवं थाना जावर के ग्राम एवं नगर सुरक्षा समिति के सदस्यों, थाना सिद्दीकगंज में छात्र-छात्राओं की रैली निकालकर एवं नागरिकों से जन सवांद कर नशे के दुष्प्रभाव, नशा मुक्त जीवन के लाभ एवं नशे को सामाजिक, मानिसक, आर्थिक एवं शारीरिक समस्या के रूप मे प्रदर्शित किया गया. शार्ट फिल्म, वीडियो, रील दिखाकर एवं बैनर, पोस्टर लगाकर तथा पंपलेट वितरित कर नशे से दूर रहने का संदेश दिया तथा प्रोत्साहित किया.



### कॅरियर काउंसलिंग सत्र में दी प्रेरक जानकारी

**सीहोर.** कन्या शिक्षा परिसर में गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के अंतर्गत छात्राओं के लिए करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया. शिक्षकों ने बच्चों को बताया कि पढ़ाई के साथ कौशल विकास, समय प्रबंधन व आत्मविश्वास भी सफलता की कुंजी है. शिक्षक लोकेश सिंह ने कहा कि हर बच्चे में अलग टैलेंट होता है. सही मार्गदर्शन से वो सपनों को साकार कर सकते हैं.



### भारतीय मजदूर संघ ने मनाया स्थापना दिवस

**सीहोर.** भारतीय मजदूर संघ का स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव जितेंद्र सिंह, श्रीमती कृष्णा परमार उपस्थित थे. मुख्य वक्ता जितेंद्र सिंह ने भारतीय मजदूर संघ की स्थापना के उद्देश्य, इतिहास एवं संगठन की गौरवशाली यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला. श्रीमती कृष्णा परमार ने भारतीय मजदूर संघ के सिद्धांतों पर चलकर संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया. इस मौके पर अनिल शर्मा, विनीत दुबे, गोपाल सिंह ठाकुर, ओमप्रकाश शर्मा, अतुल शर्मा विनोद बोयत, अनूप चौधरी, अ बर मालवीय, विनोद जोशी, महेश यादव, महेश माहेश्वरी, रितेश चंदेल, गणेश यादव, मुकेश राठौर, दीपक दरोठिया, राजकुमार यादव, उषा राठौर, रजनी विश्वकर्मा, ललिता परमार, हेमलता मेवाड़ा मौजूद थे.



### सीएसपी ने किया युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान

**सीहोर.** शहर के सराय क्षेत्र में नशा मुक्ति को लेकर एक प्रभावशाली जनजागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. सीएसपी डॉ. अभिनंदना शर्मा ने युवाओं से नशे से दूर रहकर स्वस्थ, सुरक्षित एवं जागरूक जीवन अपनाने का आह्वान किया. मुफ्ती अब्दुल वहीद क़ासमी ने कुरआन और हदीस के संदर्भ में नशे की बुराइयों पर प्रकाश डाला. इस दौरान मुफ्ती बारी, मुफ्ती कमरुद्दीन, मुफ्ती अब्दुल वहीद, इरशाद आलिम, मौलवी महफ़ूज, मजहर मज्जू खान, मुस्तफा वार्षिक, इरशाद, शकील, अब्दुल्ला उपस्थित थे.



### पूर्व विधायक के जन्मदिन पर मरीजों को फल वितरित

**बुधनी.** भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक राजेन्द्र सिंह राजपूत का जन्मदिन शनिवार को मनाया गया. नगर सहित क्षेत्रभर में विभिन्न स्थानों पर स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किए गए, जन्मदिन कार्यक्रम की शुरुआत बांद्राभान स्थित मां नर्मदा के पूजन-अर्चन से हुई. इसके पश्चात पूर्व विधायक श्री राजपूत ने प्रसिद्ध संत जोगेश्वरी माता बाई राम जी की समाधि पर पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए एवं आशीर्वाद प्राप्त किया. इसके बाद वे बुधनी पहुंचे, जहां नगर के प्राचीन खेड़ापति हनुमान मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई. धार्मिक कार्यक्रम के बाद पूर्व विधायक श्री राजपूत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां सीबीएमओ डॉ. डी. बड़ोदिया ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं. श्री राजपूत ने मरीजों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और उन्हें फल वितरित कर शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की. इस अवसर पर नप अध्यक्ष प्रतिनिधि अर्जुन मालवीय, नेता विजय सिंह राजपूत, सतीश गुप्ता, सतेंद्र शर्मा, चंदन सिंह राजपूत, मनीष बाजपेई, साजिद पटेल, प्रवीण चौहान, हनुमंत सिंह गुर्जर, राहुल रिठोरिया, सोनू चौहान, राहुल राजपूत, पंकज जाट, विवेक सिंह राजपूत, भूपेंद्र भार्गव, नीरज पंडित सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं नागरिक मौजूद थे. पूर्व विधायक राजेन्द्र सिंह राजपूत ने सभी क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया.

# सड़क नहीं, इसलिए नहीं बज रही शहनाई

## 450 ग्रामीणों का बरसात में टूट जाता है संपर्क, एंबुलेंस नहीं पहुंचती, खंबों पर अब तक नहीं लगे तार



**सीहोर.** बीते कई दशकों से अपने गांव में मूलभूत सुविधाओं का अभाव झेल रहे ग्रामीणों में आक्रोश का वातावरण पनपने लगा है.

नवभारत न्यूज

**सीहोर 25 जुलाई. आजादी के दशकों बाद भी जिले की ग्राम पंचायत कराड़िया भील के नयापुरा गांव के लोग महज 2 किलोमीटर पक्की सड़क के लिए संघर्ष कर रहे हैं. हालात इतने खराब हैं कि बरसात में गांव का संपर्क टूट जाता है और अब इसका असर सामाजिक जीवन पर भी पड़ने लगा है. ग्रामीणों का दावा है कि बदहाल सड़क और मूलभूत सुविधाओं के अभाव के कारण गांव के 40 से अधिक युवकों के विवाह तक नहीं हो पा रहे हैं. 2 किलोमीटर सड़क के इंतजार में बीत गईं चार पीढ़ियां, बदहाली ऐसी कि 40 से ज्यादा युवकों के विवाह नहीं हो रहे.**

- जिम्मेदारों की उपेक्षा के दंश से आहत ग्राम नयापुरा
- ग्रामीणों का कहना चार पीढ़ियां सड़क बनने के इंतजार में बीतीं

विकास के दावों के बीच जिले की ग्राम पंचायत कराड़िया भील के नयापुरा गांव की तस्वीर सरकारी व्यवस्थाओं की पोल खोल रही है. आजादी के करीब आठ दशक बाद भी गांव के लगभग 450 ग्रामीण महज 2 किलोमीटर पक्की सड़क के लिए संघर्ष कर रहे हैं. बरसात शुरू होते ही गांव का संपर्क मुख्य मार्ग से लगभग कट जाता है. कच्चा रास्ता दलदल में तब्दील हो जाता है, जिससे ग्रामीणों को राशन लेने तक के लिए 8 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है. ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र सड़क निर्माण, बिजली लाइन और अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गईं तो वे प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे.

> **दूसरे चरण में हो सकता है निर्माण**
>
> पूर्व में स्वीकृत सड़क का निर्माण ग्राम में क्यों नहीं हो सका, इसकी जानकारी मुझे नहीं है. हालांकि मजरा-टोला योजना के तहत सड़क का सर्वे किया जा चुका है और दूसरे चरण में इस मार्ग का निर्माण शुरू होने की संभावना है.
>
> **यशवंत सक्सेना,**
> प्रबंधक, पीएम ग्राम सड़क

> **सड़क बनी सामाजिक संकट, कई युवा अविवाहित**
>
> ग्राम नयापुरा की बदहाल सड़क अब केवल आवागमन की समस्या नहीं रही, बल्कि सामाजिक संकट का कारण भी बन गई है. ग्रामीणों का कहना है कि गांव के 40 से अधिक युवक आज भी अविवाहित हैं. जब रिश्ते लेकर लोग गांव पहुंचते हैं और सड़क, कीचड़ तथा मूलभूत सुविधाओं का अभाव देखते हैं तो बिना रिश्ता तय किए लौट जाते हैं. ग्रामीणों का कहना है कि एक छोटी-सी सड़क की कमी ने गांव के युवाओं के भविष्य और परिवारों की खुशियों पर भी असर डाल दिया है.

> **व्यथा! दादा, पिता और नई पीढ़ी भी सड़क के इंतजार में**
>
> करीब 102 परिवारों वाले इस गांव के लोगों का कहना है कि उनके दादा, पिता और अब उनकी पीढ़ी भी सड़क बनने का इंतजार करते-करते थक चुकी है. हर चुनाव में सड़क का वादा किया जाता है, लेकिन चुनाव के बाद आश्वासन भी खत्म हो जाते हैं. बरसात में स्कूली बच्चे कीचड़ से होकर स्कूल जाने को मजबूर हैं, जबकि एंबुलेंस, जननी एक्सप्रेस और अन्य सरकारी वाहन गांव तक नहीं पहुंच पाते. गंभीर मरीजों को चारपाई या निजी वाहन से मुख्य सड़क तक ले जाना पड़ता है.

> **खंबे लगे लेकिन चार माह से केबल नहीं चढ़ी**
>
> गांव में बिजली व्यवस्था भी बदहाल है. बिजली के खंभे तो खड़े कर दिए गए, लेकिन उन पर अब तक लाइन नहीं डाली गई. पिछले चार महीने से बिजली की केबल जमीन पर पड़ी हुई है. मजबूरी में ग्रामीणों ने अपने स्तर पर अस्थायी तार डालकर घरों तक बिजली पहुंचाई है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है. कई बिजली के खंभे भी टेढ़े हो चुके हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की.

### स्कूल बस से उठा धुआं मची अफरा-तफरी




**सीहोर.** शहर के शासकीय सांदीपनी स्कूल में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं१ स्कूल की एक बस अचानक चलते-चलते धुआं छोड़ने लगी, जिससे उसमें सवार बच्चों में अफरा-तफरी मच गई. घबराए बच्चों ने खुद को सुरक्षित बचाने के लिए बस से उतरने में भलाई समझी. गनीमत रही कि इस घटना में कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ. बस से अचानक धुआं निकलना शुरू हुआ तो बच्चे घबरा गए और चीख-पुकार मच गई. बस चालक ने तत्काल बस रोककर बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला, जिससे बड़ा हादसा टल गया. घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. वीडियो सामने आने के बाद अभिभावकों में भी बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है. लोगों की मानें तो कई स्कूलों द्वारा जर्जर बसों का संचालन किया जा रहा है. इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग की ओर से नियमित जांच और प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही. लोगों ने प्रशासन और आरटीओ से जिले की सभी स्कूल बसों का फिटनेस अभियान चलाकर निरीक्षण कराने तथा सुरक्षा मानकों पर खरी नहीं उतरने वाली बसों का संचालन तत्काल बंद कराने की मांग की है.

## शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण आज

नवभारत न्यूज

**सीहोर 25 जुलाई.** शहर के विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए नपा द्वारा भोपाल नाके पर निर्मित राजा भोज शॉपिंग कॉम्पलेक्स का लोकार्पण आज किया जाएगा.



दो करोड़ रुपए की लागत से तैयार इस आधुनिक कॉम्पलेक्स के निर्माण से शहर को एक नया और व्यवस्थित व्यावसायिक केंद्र मिलने जा रहा है. नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा शॉपिंग कॉम्पलेक्स के निर्माण से व्यापारियों को आधुनिक सुविधाओं के साथ व्यवस्थित व्यापारिक वातावरण मिलेगा. शॉपिंग कॉम्पलेक्स में 40 दुकानदारों को दुकानें आवंटित की गई हैं. कॉम्पलेक्स के शुरू होने से स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे तथा नागरिकों को एक ही स्थान पर बेहतर व्यावसायिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी.

## कर्ज से दबे युवक ने वीडियो जारी करने के बाद दी जान

- 30 लाख से अधिक के लेन-देन और प्रताड़ना के लगाए आरोप
- वीडियो में कई लोगों से राशि लेने का किया उल्लेख

नवभारत न्यूज

**रेहटी 25 जुलाई.** क्षेत्र के कोठरा पिपलिया ग्राम निवासी सुमेर पंवार की कथित रूप से आर्थिक तंगी, बकाया रकम न मिलने और कर्ज के दबाव के बीच मौत हो गई. मौत से पहले उसने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया, जिसमें आर्थिक परेशानियों, विभिन्न लोगों के साथ हुए लेन-देन और मानसिक प्रताड़ना का जिक्र करते हुए कई लोगों पर गंभीर आरोप लगाए.



वीडियो में सुमेर पंवार ने दावा किया कि उसने कई लोगों से लिए गए मूलधन का भुगतान कर दिया था, लेकिन ब्याज की मांग और लगातार हो रही कथित प्रताड़ना के कारण वह मानसिक रूप से टूट चुका था. उसने यह भी आरोप लगाया कि बाजार में उसके करीब 30 लाख रुपये से अधिक विभिन्न लोगों के पास बकाया हैं, जिनकी वसूली नहीं हो सकी. आर्थिक दबाव के चलते उसे अपनी जमीन और गाड़ियां तक बेचनी पड़ीं.

वीडियो में उसने कई लोगों के नाम लेते हुए उनसे जुड़े कथित लेन-देन का भी उल्लेख किया.

वीडियो के अंतिम हिस्से में सुमेर पंवार ने कहा कि वह आर्थिक दबाव और कथित प्रताड़ना से परेशान होकर यह कदम उठा रहा है। उसने अपने परिजनों से अपील की कि उसकी गाड़ियां और बकाया रकम वापस दिलाने का प्रयास किया जाए.

मामले में एसडीओपी रवि शर्मा ने बताया कि मर्ग कायम कर लिया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है. वीडियो में लगाए गए आरोपों की सत्यता की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी.

## स्टेशन पर 10 ट्रेन का अस्थायी स्टापेज

नवभारत न्यूज

**सीहोर 25 जुलाई.** कुबेरेश्वर धाम पर जारी गुरुपूर्णिमा महोत्सव पर आयोजन को देखते हुए सीहोर रेलवे स्टेशन पर 10 जोड़ी ट्रेनों का अस्थाई ठहराव शुरु किया है. ये ट्रेनें 30 जुलाई तक रुकेंगी.

इसके बाद भी स्टेशन पर श्रद्धालुओं की भीड़ इतनी है कि ट्रेनों में पैर रखने की जगह नहीं है. शाम के समय स्थिति यह होती है कि श्रद्धालु ट्रेनों में एसी कोच के गेट पर भी खड़े होकर सफर कर रहे हैं. शनिवार शाम 5.30 बजे भोपाल-जयपुर ट्रेन पर श्रद्धालुओं की भीड़ देखते ही बनती थी. भोपाल-जयपुर ट्रेन सीहोर स्टेशन पर करीब 11 मिनट तक खड़ी रही। तब कहीं जाकर सवारियां चढ़ पाईं. सुबह के समय भी गाड़ियों की ऐसी ही स्थिति थी.

> **30 जुलाई तक इन ट्रेनों का अस्थाई ठहराव**
>
> डॉ. आंबेडकर नगर-नागपुर (12923/24)
> डॉ. आंबेडकर नगर-यशवंतपुर (19301/02)
> इंदौर-हावड़ा क्षिप्रा एक्सप्रेस (22911/12)
> इंदौर-वाराणसी (20414/13 व 20416/15)
> डॉ. आंबेडकर नगर-प्रयागराज (14115/16)
> इंदौर-पटना एक्सप्रेस (19313/14 व 19321/22)

### कोठरी में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**कोठरी.** अटल अस्पताल, साहस महिला, बाल शिक्षण एवं सामाजिक विकास संस्था तथा सेवा सदन अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को नगर परिषद में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा. शिविर में मेडिसिन, हड्डी एवं जोड़ रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, न्यूरो रोग के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श एवं उपचार दिया जाएगा.



## किसान कांग्रेस ने पदयात्रा कर सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**सीहोर 25 जुलाई.** किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर किसान कांग्रेस ने जिला अध्यक्ष जगदीश चौहान के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय से कलेक्ट्रेट तक पदयात्रा निकालकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा. इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं किसान मौजूद थे.

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि मध्य प्रदेश का किसान गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है और जिले के किसान भी इससे अछूते नहीं हैं. किसानों द्वारा मेहनत से तैयार की गई मूंग की फसल की सरकारी खरीद केवल सीमित मात्रा में की जा रही है. उन्होंने मांग की कि पूर्व की व्यवस्था की तरह किसानों की मूंग का 100 प्रतिशत उत्पादन न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जाए.

किसान कांग्रेस ने सरकार से सभी मांगों पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र समाधान करने का आग्रह किया. इस अवसर पर किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष जगदीश चौहान, जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती, राजाराम बड़े भाई, राजेन्द्र वर्मा, ओम वर्मा, कमल सिंह पहलवान, संतोष गौर, पवन राठौर, विवेक राठौर, निशांत वर्मा, लक्ष्मण सिंह सहित किसान कांग्रेस के विभिन्न ब्लॉक अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे.

## टीम ने दूध एवं दुग्ध उत्पादों के नमूने जांच के लिए भेजे

नवभारत न्यूज

**सीहोर 25 जुलाई.** खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा दूध एवं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने विशेष अभियान चलाया जा रहा है. बाजार में विक्रय हो रहे दूध एवं दुग्ध उत्पादों पर निगरानी रखते हुए दुकानों, डेरियों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए जा रहे हैं.



खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने आष्टा के महाकाल मार्ट, अष्टविनायक डेयरी, मां शारदा दूध डेयरी, श्री नेमी गोपाल डेयरी, श्री सेंधव डेयरी तथा मिल्क चिलिंग सेंटर का निरीक्षण कर घी, दूध, दही एवं मट्ठा के नमूने लिए. इसी प्रकार ग्राम चिन्होंठा स्थित मां पार्वती मिल्क प्रा. लि., सीहोर स्थित श्याम डेयरी से मिक्स मिल्क, पनीर, मावा एवं दूध, ग्राम छपरी स्थित महालक्ष्मी डेयरी से भैंस के दूध तथा पवन श्री इंटरनेशनल प्रा. लि., सीहोर से मिक्स मिल्क के नमूने भी संग्रहित किए गए. सभी नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है. जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी. खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं को स्वच्छता एवं खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए व्यवसाय संचालित करने के निर्देश भी दिए गए हैं.

निरीक्षण

प्रभारी मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने लिया कुबेरेश्वर धाम पर व्यवस्थाओं का जायजा

## श्रद्धालुओं की अपार भीड़ को देखते हुए व्यवस्थाएं करें दुरुस्त : गौर

नवभारत न्यूज

**सीहोर 25 जुलाई.** कुबेरेश्वर धाम में आयोजित गुरू पूर्णिमा महोत्सव और आगामी कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत प्रभारी मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने बैठक में आयोजन की व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की तथा आयोजन समिति को दिशा-निर्देश दिए.

उन्होंने कहा कि आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना को देखते हुए सभी तैयारियां चाक चौबंद रखी जाएं, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था, असुविधा अथवा सुरक्षा संबंधी समस्या उत्पन्न न हो. समिति प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य सुनिश्चित करें. उन्होंने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण भी किया. कलेक्टर बालगुरू के, एसपी श्रीमती सोनाक्षी सक्सेना ने प्रभारी मंत्री को गुरू पूर्णिमा महोत्सव के लिए की गई व्यवस्थाओं तथा आगामी कांवड़ यात्रा के आयोजन की कार्ययोजना से अवगत कराया.

बैठक में यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था की जानकारी लेते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में जाम की समस्या न बने. पार्किंग स्थलों का स्पष्ट चिन्हांकन, अलग-अलग पार्किंग जोन निर्धारण तथा वाहनों की सुव्यवस्थित आवाजाही सुनिश्चित की जाए. हाईवे एवं मुख्य मार्गों पर प्रभावी डायवर्जन प्लान लागू रहे तथा पर्याप्त संकेतक, फ्लेक्स व सूचना बोर्ड लगाए जाएं. उन्होंने पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता और स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए. उन्होंने निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं श्रद्धामय वातावरण प्राप्त हो सके.



बैठक में विधायक सुदेश राय और भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने आवश्यक सुझाव भी दिए. इस दौरान नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर, एएसपी डॉ प्रशांत चौबे, एसडीएम तन्मय वर्मा, पंकज गुप्ता आदि समिति सदस्य उपस्थित थे.

### अवैध गांजा बेचते दो आरोपी गिरफ्तार

**सीहोर.** थाना कोतवाली और मंडी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गांजे के साथ गिरफ्तार किया है. कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति ग्राम थूना कला आम रोड़ पर गांजा बेच रहा है. पुलिस ने गोलू उर्फ इंद्रजीत मेवाड़ा पिता शिवसागर मेवाड़ा को पकड़ा व तलाशी के दौरान उससे 530 ग्राम गांजा बरामद हुआ. इसी प्रकार मंडी पुलिस ने सीहोर-कालापीपल रोड़ स्थित लोदिंया जोड़ के पास से राकेश कुमार गौर पिता बद्रीप्रसाद गौर निवासी ग्राम कचनारिया को गांजा बेचते गिरफ्तार किया है.

## पुलिस ने पुतला छीना, कार्यकर्ताओं से हुई झड़प

**बुधनी.** मूंग फसल की खरीदी में हो रही देरी तथा खाद की समस्या को लेकर शनिवार को किसान कांग्रेस ने क्षेत्र के महूकला और देवगांव में प्रदर्शन किया. इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन करने का प्रयास किया, जिसे पुलिस ने रोक दिया. पुतले छीने जाने के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच कुछ देर तक झड़प की स्थिति भी बनी. प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष योगेश राजपूत, किसान कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव, हरीश मीणा, हरीश मालवीय, संजय शर्मा, सौरभ दुबे, पुरुषोत्तम मीणा, ओपी मालवीय, सुशील मीणा, हेमंत वर्मा, संतोष यादव, दीपक परसोन, बालवीर चौहान, सुरेश कुमरे, प्रकाश दायमा, ब्रजलाल बानिया, सुनील मीणा, गोविंद आंकरे, जीवन मीणा, राजाराम मीणा आदि उपस्थित थे.


## एक नजर में

### यादव बने महासभा के जिलाध्यक्ष

सीहोर. वार्ड क्रमांक 12 पार्षद प्रतिनिधि घनश्याम यादव को अखिल भारतीय यादव महासभा मप्र के अध्यक्ष जगदीश यादव की सहमति एवं एडवोकेट उमेश यादव, लखन यादव, राम सजीवन यादव, राम मोहन यादव की अनुशंसा से अखिल भारतीय यादव महासभा के जिला अध्यक्ष पद पर मनोतनत किया गया है.

घनश्याम यादव ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे जो दायित्व सौंपा गया है उसको मैं पूरी ईमानदारी व सक्रियता के साथ निवर्हन करुंगा और समाज हित में कार्य करना ही मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी.इस मौके पर कैलाश यादव, मोहन यादव, सीतराम यादव, भूरा यादव, राहुल यादव, विजय यादव, धर्मेन्द्र यादव, प्रदुन यादव, औंकार यादव, राधेश्याम यादव, नन्दलाल यादव, रमेश यादव, गगन पहलवान, किशन यादव, गेंदालाल यादव, गोपाल यादव, चन्नीलाल यादव, गब्बर यादव, मन्नुलाल यादव, सूरज यादव, नीरज यादव, प्रकाश यादव, रोहित यादव, दीपक यादव, नरेश यादव, मनोज यादव आदि ने बधाई दी.

## एक नजर में




### माहेश्वरी समाज ने मनाया अन्नकूट महोत्सव, लगाया 56 भोग

**सीहोर.** शहर के छावनी स्थित माहेश्वरी भवन में माहेश्वरी समाज के तत्वाधान में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया. इस मौके पर गिरिराज बाबा की झांकी सजाई और 56 भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया. माहेश्वरी समाज अध्यक्ष योगेश राठी व महिला मंडल अध्यक्ष आभा कासट ने बताया कि दीपावली के पश्चात प्रतिवर्ष समाज द्वारा 56 भोग और गिरिराज बाबा की झांकी सजाई जाती है. इस मौके पर भजन कीर्तन से